# कभी भी खुल सकते हैं शहर की प्यास बुझाने वाले तिघरा के गेट

संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर 7 जुलाई.** ग्वालियर-चंबल संभाग में इस बार अच्छी बारिश होने से रियासत काल में बने बांध पूरी तरह लबालब हो चुके हैं। पेहसारी से आज पानी छोड़ा गया जो की तिघरा तक आया जिससे शहर की लाइफलाइन कहे जाने बाला रियासत कालीन तिघरा बांध भी अब लगभग भरने की कगार पर पहुंच गया है। मानसून की मेहरबानी से तिघरा और पेहसारी के कैचमेंट में पर्याप्त पानी हो गया हैं। पेहसारी से रविवार को पानी छोड़ा गया था जो सोमवार शाम तक तिघरा पहुंचना शुरू हुआ। शाम को ही ककैटो बांध के गेट खोलकर पेहसारी बांध के लिए पानी छोड़ा गया जिससे खाली पेहसारी फिर से भर गया। तिघरा बांध का लेवल 732.25 फिट है जो कि अब पूरा होने के कगार पर पहुंच चुका हैं। ग्वालियर शिवपुरी, श्योपुर तीन जिलों की सीमा पर बने अपर ककैटो बांध में शिवपुरी-श्योपुर में तेज बरसात से तेजी से बढ़ रहे पानी से बांध फुल होने पर शनिवार को अपर ककैटों बांध के गेट खोलकर पानी छोड़ा गया था। जल संसाधन विभाग ने बताया कि अपर ककैटों, पेहसारी से तिघरा बांध के लिए पानी की शिफ्टिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अपर ककैटों के गेट खोलने के बाद वह पानी पेहसारी नहर में छोड़ा गया है जहाॅ से आज तिघरा सिफ्ट किया जा रहा हैं इससे तिघरा का जलस्तर भी बढ़ने लगा है। बारिश ऐसी ही रही तों उम्मीद हैं कि जल्द तिघरा के गेट भी खोले जा ससकते हैं। इस खबर से शहरवासियों में भी खुशी की लहर है।



### शहरवासियों की प्रतिक्रिया

तिघरा डेम भरने से हमें बहुत खुशी है। इससे शहर के लिए पानी की आपूर्ति में सुधार होगा और हमें पानी की कमी नहीं होगी। हमारे कुछ मेहमान आने बाले हैं गेट खुल गए तो उन्हें वहाॅ लेकर जाएगें। **रणविजय सिंह**

डेम भरने से शहर के लिए पानी की आपूर्ति में सुधार होगा, किसानों को भी फायदा होगा। हम तो परिवार के साथ जल्द ही पिकनिक मनाने जाने बाले हैं। **रोहित पाठक**

बीते दिनों पानी के लिए काफी परेशान होना पड़ा लेकिन अब शहर और आसपास के क्षेत्र में हो रही जोरदार बरसात के बाद खबर मिली है कि तिघरा भर चुका है। इससे पानी की सप्लाई रोज होगी इस बात की हमें खुशी है। सभी दोस्त मिलकर तिघरा घूमने जाने का भी प्रोग्राम बना रहे। **मिथुन शर्मा**

तिघरा डेम भरने से शहर के लिए पानी की आपूर्ति में सुधार होगा। हम शहरवासियों को आश्वस्त करते हैं कि पानी की आपूर्ति नियमित और पर्याप्त होगी। **नगर निगम अधिकारी**

### पिकनिक स्थल, पक्षी अभयारण्य, किसान और शहर का प्रमुख जल स्रोत तिघरा

तिघरा बांध का निर्माण महाराजा माधवराव सिंधिया ने कराया था। उन्होंने 1916 में प्रसिद्ध इंजीनियर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की मदद से इस बांध का निर्माण करवाया था। उस समय, विश्वेश्वरैया मैसूर रियासत के चीफ इंजीनियर थे। यह बांध ग्वालियर शहर के लिए पानी की आपूर्ति का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है और इसे माधव सागर झील के रूप में भी जाना जाता है। तिघरा जलाशय साँक नदी पर स्थित एक मीठे पानी का जलाशय है। यह ग्वालियर से 23 किमी दूर स्थित है, और शहर को मीठे पानी की आपूर्ति करने में बड़ी भूमिका निभाता है। यह बांध अपने शिखर पर 24 मीटर ऊँचा और 1341 मीटर लंबा है। जलाशय की क्षमता 4.8 मिलियन क्यूबिक मीटर है और स्पिलवे संरचना 1274 क्यूबिक मीटर प्रति सेकंड तक गुजर सकती है। इस बांध के आसपास के क्षेत्रों में ग्यारह गाँव आते हैं। ग्रामीण अपने सिंचाई, पीने और घरेलू उद्देश्य के पानी के लिए इस बांध पर निर्भर हैं। इसके अलावा, यह बांध ग्वालियर शहर को भी पीने का पानी भी प्रदान करता है। बांध के निर्माण के बाद यह क्षेत्र कई पक्षियों के लिए एक उपयुक्त निवास स्थान बन गया और इस क्षेत्र को बाद में पक्षी अभयारण्य भी घोषित किया गया।

# वैशाली नदी में डूबे युवक का मिला शव

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 7 जुलाई.** पारसेन गांव से निकली वैशाली नदी में रविवार को नहाने के दौरान बहे युवक का शव सोमवार सुबह मिल गया। नदी में भैंसे गईं तो उनके जाने से शव ऊपर आ गया। शव ऊपर आते ही पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने उसे बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बिजौली थाना पुलिस ने मर्ग का मामला कायम कर लिया है। देवेन्द्र उर्फ गोलू 20 वर्ष पुत्र तिलक सिंह माहौर निवासी पारसेन बिजौली रविवार को अपने दोस्तों के साथ नदी में नहाने उतरा था। अचानक नदी में पानी का बहाव तेज हो गया, जिससे देवेन्द्र बहाव के साथ आगे बह गया, जबकि इसके बाकी दोस्त नदी से बाहर निकल आए। कुछ देर तक जब देवेन्द्र नदी से बाहर नहीं निकला तो बिजौली थाना क्षेत्र के पारसेन गांव से निकली वैशाली नदी में गया था नहाने उसके दोस्तों ने तुरंत यह जानकारी परिजनों व पुलिस को दी। युवक नदी में बह गया है इसका पता चलते ही पुलिस व एसडीआरएफ की टीम वैशाली नदी पहुंची और रेस्क्यू शुरु किया। अंधेरा हो जाने की वजह से रविवार को देवेन्द्र का कुछ पता नहीं चल सका। पारसेन गांव के लोग सुबह नदी पर अपने मवेशी लेकर गए तो कुछ भैंसे पानी के अंदर पहुंचकर आगे बढ़ गईं। मवेशियों द्वारा नदी के पानी में की गई हलचल से देवेन्द्र माहौर का शव ऊपर आ गया। शव के ऊपर आते ही तुरंत उसे बाहर निकाला गया।

# बारिश में मेंटेनेंस के बाद भी लोड बताकर काटी जा रही बिजली

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 7 जुलाई.** बारिश में ऐसे तो बिजली लोड कम हो जाता है और खपत भी, लेकिन बिजली कंपनी के अफसर कई इलाकों में लोड बताकर कटौती करने में जुटे हुए हैं। ऐसे में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार सुबह 7 बजे से इस्लामपुरा, सुभाष नगर क्षेत्र की बिजली गुल कर दी गई। जिससे क्षेत्र में वाटर सप्लाई ठप हो गई। वाटर सप्लाई न होने से लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ा। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि रोज बिजली कटौती की जा रही है, यहां घंटों तक लाइट नहीं रहती। जिससे काम-काज में परेशानी आती है, साथ ही उसमभरी गर्मी में लोगों को परेशान होना पड़ता है। यह समस्या सिर्फ इस्लामपुरा, सुभाष नगर क्षेत्र की ही नहीं है बल्कि, बहोड़ापुर क्षेत्र में भी कटौती कर दी जाती है। इसके अलावा आनंद नगर, शताब्दीपुरम सहित अन्य इलाकों में अघोषित बिजली कटौती से परेशानी बनी हुई है। बारिश के पहले बिजली कंपनी ने फॉल्ट व अन्य समस्या न हो, इसे लेकर मेंटेनेंस किया, पर इसका कोई फायदा नहीं हुआ। खास बात तो यह है कि जब बारिश में बिजली की खपत कम हो जाती है तो डीपी पर लोड कैसे बढ़ रहा है, क्योंकि अफसरों का तर्क है कि उक्त क्षेत्रों में लोड अधिक है।

### रावली की पुलिया गोलीकांड- बदमाशों की हुई पहचान राउंडअप करने में जुटी पुलिस

ग्वालियर। ग्वालियर बेहट थाना हद में आने वाले रावली पुलिया पर शनिवार दोपहर गोली कांड को अंजाम देने वाले बदमाशों की पहचान कर ली गई है। यह शातिर बदमाश बताए जा रहे हैं और अब आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें जुटी हुई हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही तीनों बदमाशों को राउंडअप कर लिया जाएगा। बदमाशों का पता लगाने के लिए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज जांचे, साइबर सेल की मदद ली, तब कहीं जाकर पहचान हुई। बदमाशों ने सत्यभान गुर्जर पुत्र रामचरण गुर्जर निवासी मुख्तयार का पुरा बेहट को उस समय गोली मार दी थी, जब रावली की पुलिया के पास बाइक व ऑटो की टक्कर होने के बाद पीछा किया था। रावली की पुलिया का आधा रास्ता बदमाशों ने तय कर लिया था और उसी दौरान सत्यभान व इसके दोस्त सुमित ने पीछा कर पकड़ना चाहा। ऑटो में पीछे बैठे दो बदमाशों में से एक ने नजदीक से गोली मारी थी जो सीधे सत्यभान के पेट में जाकर लगी। एक कार चालक ने सत्यभान को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। बयान लेने के बाद से ही पुलिस बदमाशों को पकड़ने में जुटी है।

# गुरु पूर्णिमा पर छह स्पेशल ट्रेनों के साथ ही बसें भी नहीं दे पा रहीं राहत

रविन्द्र सिंह चौहान

**ग्वालियर 7 जुलाई.** गिर्राज जी की परिक्रमा लगाने अंचल से जाने वाले श्रद्धालुओं का हुजूम ग्वालियर रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्म से लेकर सर्कुलेटिंग एरिया में दिखाई दे रहा है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु ग्वालियर से ट्रेन पकड़कर मथुरा जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए

**आरपीएफ, जीआरपी स्टाफ को 24 घंटे अलर्ट पर, लाखों की संख्या में हर रोज यात्रा कर रहे श्रृद्धालु, रेलवे प्रशासन ने किये सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

**दिव्यांग, स्लीपर से लेकर एसी कोच में घुस रहे यात्री**

झांसी यह भीड़ एकादशी से शुरू हो गई है। हालात यह है कि ग्वालियर से गुजरने वाली सुपर फास्ट एक्सप्रेस से लेकर मेल एक्सप्रेस ट्रेनें पैसेंजर बन चुकी है। ग्वालियर से मथुरा की ओर जाने वाली हर ट्रेन में दो से तीन बार चेन पुलिंग भी देखने को मिल रही है। गुरु पूर्णिमा से एक दिन पहले रविवार को ट्रेनों से मधुरा जाने वालों की भीड़ स्टेशन पर पहुंचती रही और जिस ट्रेन में पांव रखने की जगह मिली वहीं घुस गईं।









शनिवार से ही सुबह दिल्ली को ओर जाने वाली श्रीधाम, सचखण्ड, उत्कल, केरला एक्सप्रेस, भोपाल एक्सप्रेस सहित तमाम ट्रेनों में यात्री जनरल टिकट लेकर एसी कोच में घुस रहे है। इससे रिजर्वेशन कराकर चलने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बीती रात से लेकर आज सुबह तक ग्वालियर से मथुरा जाने वाली ट्रेनों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु ग्वालियर से मथुरा के लिए सवार हुए। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए प्लेटफार्म पर आरपीएफ और जीआरपी के जवान तैनात किए गए हैं। लेकिन यह यात्रियों की भीड़ के आगे बेबस नजर आ रहे हैं।

**बार-बार हो रही चेन पुलिंग-** रेलवे स्टेशन पर मथुरा जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी अधिक है कि पहले से रिजर्वेशन कराए यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीड़ के चलते कई यात्रियों की ट्रेनें भी छूट गई हैं। वहीं ट्रेन पकड़ने के लिए कोच में घुसे यात्री अपने साथियों को ट्रेन में सवार करने के लिए बार-बार चेन पुलिंग कर रहे हैं। भीड़ के चलते आरपीएफ भी इन तक नहीं पहुंच पा रही है। मथुरा की ओर जाने वाली हर ट्रेन में बार-बार चेन पुलिंग हो रही है। इसके चलते ट्रेनें बार-बार प्लेटफार्म पर रुक रही हैं। बताया गया है कि बीती रात से आज सुबह तक बाइस ट्रेनों में चेन पुलिंग श्रदालुओं द्वारा की गई। इसके चलते आरपीएफ स्क्वाड रात से लेकर सुबह तक हलाकान रहा।

### इनका कहना है



हमनें जर्नल टिकट लिया और ट्रेन आने पर जब जर्नलबोगी कि स्थिति देख कर रूह कांप गई लोग बोगी के दरबाजे के बाहर तक लटके हुए थे डिब्बे में अंदर जाने की जगह तक नहीं थी हमने दूसरी ट्रेन का इंतजार किया पर उस ट्रेन में भी वही स्थिति थी फिर हम बस स्टैंड आए और बस से मथुरा जाने का प्लान बनाया।

**ऊषा भदौरिया, यात्री**



गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भक्त यात्रियों की भीड़ के लिए सुरक्षा की दृष्टि से रेल्वे प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए है मथुरा के लिए कुछ स्पेशल ट्रेन चलाई गई है जिसका अनाउंसमेंट हर स्टेशन पर समय समय पर किया जा रहा है साथ ही रेल्वे द्वारा हेल्पलाइन नंबर 139 तो पहले से ही है सफर के दौरान परेशानी आने पर इस नम्बर को डायल करते ही अगले स्टेशन पर आपकी मदद के लिए रेल सुरक्षाकर्मी मौजूद मिलेंगे।

**मनोज कुमार सिंह, पीआरओ रेल्वे**

### रिजर्वेशन कराया पर खड़े होकर कर रहे यात्रा

भक्ति का ऐसा जोश है कि जिसे जगह नहीं मिल रही तो वह खड़े होकर और लटककर परिक्रमा लगाने के लिए निकल रहे है। आलम यह है कि जिनका रिजर्वेशन है उन्हें भी खड़े-खड़े यात्रा करनी पड़ रही है। भीड़ इतनी है कि एक बर्थ पर दस से बारह लोग ठसकर बैठे हैं। आलम यह है कि ट्रेन के टॉयलेट में भी लोग ठसाठस भरे हुए है। भीड़ के चलते ट्रेन के प्लेटफार्म पर खड़े होने पर यात्रियों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

### सीटों पर जगह नहीं बसों की छतें भी रहीं फुल

गिर्राज जी की परिक्रमा के लिए श्रद्धालु बसों से भी जा रहे है। बसों में भीड़ इतनी है कि लोग गैलरी में तो खड़े है छत भी फुल हैं। मथुरा के लिए जाने वाली बसों में भीड़ का आलम यह है कि मांत्र पांच से सात मिनट में पूरी बस फुल हो रही है। अन्य शहरों में जाने वाली कई बसें भी आज मथुरा की ओर जा रही है।



दो महीने पहले ही रिजर्वेशन करवा लिया था सीटें भी कन्फर्म थी पर स्लीपर कोच में जनरल टिकट बाले यात्रियों की इतनी ज्यादा संख्या थी कि बोगी की गैलरी भी ठसाठस भारी हुई थी हम लोगों ने ये सफर कैसे तय किया ये हम ही जानते है। **दीपिका अजित भदौरिया, यात्री**

### अवैध देशी शराब पकड़ी, 22 क्वार्टर जब्त

ग्वालियर। अवैध रूप से देशी शराब बेच रहे तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से देशी शराब के 22 क्वार्टर जब्त किए गए हैं जिनकी कीमत 1500 रुपए से अधिक बताई गई है।

# सुशील शर्मा को मिलेगा शहीद का दर्जा बचाई थी सैंकड़ों पैसेंजर्स की जान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 7 जुलाई.** मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनल पर तैनात एसीटीआई सुशील शर्मा मुंबई 26/11 आतंकी हमले के दौरान रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी कर रहे थे। उधर आंतकी गोली चला रहे थे, लेकिन अपनी जान की परवाह न करते हुए यात्रियों को बचाने में जुटे सुशील खुद आंतकियों की गोली के शिकार हो गए थे। मुंबई 26/11 आतंकी हमले के दौरान सैंकड़ों यात्रियों के रक्षक बने एसीटीआई सुशील शर्मा को 17 सालों तक चले लंबी कानूनी लड़ाई के बाद अब एक शहीद का दर्जा मिलेगा। सुशील शर्मा को शहीद का दर्जा देने से इनकार के बाद परिवार ने संघर्ष किया और अब 17 सालों बाद अब उन्हें गैलेंट्री अवॉर्ड से नवाजा जाएगा।

गौरतलब है मुंबई 26/11 आतंकी हमले के दौरान एसीटीआई सुशील शर्मा छत्रपति शिवाजी टर्मिनल पर तैनात थे। वह आंतकी हमलों के बीच स्टेशन पर अनेक यात्रियों की जान बचाते-बचाते इस दुनिया को अलविदा कह गए थे। सुशील शर्मा उस दिन आतंकी की गोली का निशाना बन गए थे। आंतकियों के बंदूक से निकली गोली से उनकी जान चली गई थी।



**खटखटाया था कैट का दरवाजा-** मुंबई आतंकी हमले में आंतकियों को गोली खाकर मिसाल बने सुशील शर्मा को शहादत के दो वर्ष की समय-सीमा पूरा होने के बाद जब शहीद का दर्जा नहीं मिला तो ग्वालियर के सिटी सेंटर पटेल नगर स्थित ग्रीन गार्डन स्टेट में रहने वाले सुशील शर्मा के परिजन साल 2010 में कैट का दरवाजा खटखटाया था। कैट के निर्णय के बाद सुशील शर्मा के परिवार में हर्ष का माहौल है।

### एसीटीआई सुशील शर्मा को सरकार ने शहीद से मानने से किया इंकार

रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई आतंकी हमले में यात्रियों की जान बचाते-बचाते आंतकियों की गोली के शिकार हुए सुशील शर्मा को तब सरकार ने शहादत मानने से इंकार कर दिया। सुशील शर्मा के वीरतापूर्ण कार्य को सम्मान दिलाने के लिए उनका परिवार ने पूरे 17 वर्षों तक लड़ाई लड़ी और अंतत: अब उनको शहीद का दर्जा देने की मांग मान ली गई है। कैट यानी सेन्ट्रल ट्रिब्यूनल ने एसीटीआई सुशील शर्मा को शहीद मानते हुए उन्हें गेलेंट्री अवार्ड में दिने के निर्देश भारत सरकार को दिए हैं। इस आदेश के आने पर सुशील शर्मा के परिवारजनों का कहना है कि वह जिस सम्मान के हकदार थे वह अब उन्हें मिल सकेगा। उल्लेखनीय है मुंबई आतंकी हमलों की तारीख याद करते आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। उस दिन के खौफनाक मंजर को मुंबई सहित पूरा देश कभी नहीं भुला पाएगा। मुख्य टिकट निरीक्षक रहे सुशील शर्मा आतंकी हमले के समय कार्यालय से निकलकर कंट्रोल रूम पंहुचे और प्लेटफार्म पर आने वाली कई ट्रेन को स्टेशन से बाहर ही रोकने का एनाउंसमेंट किया, जिससे सैकड़ों पैसेंजर की जान बच गई, लेकिन वो आतिकियों की गोली का शिकार बन गए।

# 18 घंटे बाद निकला बैंसली नदी में डूबे युवक का शव

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 7 जुलाई.** बिजौली थाना क्षेत्रांतर्गत बैंसली नदी में बीती शाम एक युवक नहाने के दौरान डूब गया था। इसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस व एसडीआरएफ की टीम उसकी

**बिजौली थाना इलाके में 6 जुलाई दोपहर हुआ था हादसा**

तलाश में जुटी हुई थी। करीब 18 घंटे बाद युवक का शव सर्चिग टीम ने बाहर निकाला। जिसके बाद पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए पहुंचाकर मर्ग कायम कर लिया गया है।

यहां बता दें कि ग्राम पारसेन निवासी 20 वर्षीय देवेंद्र उर्फ गोलू माहौर बीते रोज अपने कुछ दोस्तों के साथ पास ही बैंसली नदी में नहाने के लिए गया था। चूंकि पिछले कुछ दिनों से अंचल में अच्छी बारिश हो रही है, जिसके चलते नदी में पानी का बहाव ज्यादा था। ऐसे में सभी दोस्त नदी के किनारे पर ही नहा रहे थे, लेकिन गोलू कुछ अंदर चला गया, जहां से गहरे पानी में पहुंचकर वह डूबने लगा। जब दोस्तों ने उसे डूबते देखा, तो पहले अपने स्तर पर ही उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन जब वह कामयाब नहीं हुए, तो पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलवाया गया।



### इनका कहना है

बैंसली नदी में नहाने के दौरान एक युवक डूब गया था, जिसका शव आज सुबह मिल गया है। फिलहाल बॉडी का पीएम करवाकर मर्ग कायम किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

**मनीष यादव**
**एसडीओपी, बेहट सर्किल**

### अंधेरा होने से रात को रोकना पड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन

एसडीआरएफ की टीम द्वारा बीते रोज नदी में उतरकर पानी में बहे देवेंद्र की तलाश शुरू की, लेकिन काफी देर तक मशक्कत करने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं लगा। इसी बीच अंधेरा गहरा जाने से रेस्क्यू ऑपरेशन बीच में ही रोकना पड़ा। इसके बाद सोमवार सुबह फिर पुलिस व एसडीआरएफ की टीम नदी में सचिंग करने उतरी, तो 11 बजे के लगभग झाड़ी में उलझा युवक का शव मिल गया। जिसे रेस्क्यू टीम ने बाहर निकाला। पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए पहुंचाने के उपरांत मर्ग कायम कर हादसे के कारणों की विवेचना की जा रही है।


विज्ञापन संख्या. 58/2025
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
में
सदस्य (प्रचालन)
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के आवेदन करने की अंतिम तिथि 28/07/2025 (15:00 बजे तक) है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि 06/08/2025 (17:00 बजे तक) है।
जानकारी के लिए वेबसाइट
https://pesb.gov.in
में लॉग इन करें।
CBC 03111/12/0007/2526


### कार्य में लापरवाही बरतने पर उपयंत्री महेन्द्र प्रसाद अग्रवाल निलंबित

**ग्वालियर।** चेतकपुरी चौराहा से स्वर्णरेखा तक वाया माधवनगर गेट और बसंत विहार स्ट्रॉम वाटर लाइन निर्माण के बाद चेतकपुरी चौराहे से ऑडिट भवन तक नवीन डामर रोड निर्माण कार्य के पर्यवेक्षण में लापरवाही बरतने पर उपयंत्री जल प्रदाय कार्यरत प्रभारी सहायक यंत्री पीआईयू शाखा महेन्द्र प्रसाद अग्रवाल को निलंबित किया गया। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय द्वारा जारी आदेशानुसार चेतकपुरी चौराहा से स्वर्णरेखा तक वाया माधवनगर गेट और बसंत विहार स्ट्रॉम वाटर लाइन निर्माण के बाद चेतकपुरी चौराहे से ऑडिट भवन तक नवीन डामर रोड निर्माण कार्य अनुबंधित ठेकेदार से कराया गया जो कि वर्षाकाल के प्रारंभ में ही जगह जगह पर रोड धंसाव हो गया, जिस कारण नवीन निर्मित रोड क्षतिग्रस्त हो गयी।

# औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति कार्य संक्शन, कार्य पूर्ण होते ही ट्रिपिंग की समस्या होगी खत्म

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 7 जुलाई.** औद्योगिक क्षेत्र व शहर में विद्युत कटौती से उत्पन्न समस्याओं के संबंध में एक बैठक म.प्र.मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक-श्री क्षितिज सिंघल जी के साथ चेम्बर भवन में आयोजित की गई.

म. प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक-श्री क्षितिज सिंघल ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों को निर्वाध विद्युत आपूर्ति कराना वितरण कंपनी की प्राथमिकता में है. औद्योगिक क्षेत्रों के फीडर को डेडीकेटेड करने के लिए कई कार्य सेंक्शन हो चुके हैं, उनमें से कई के टेण्डर होकर कार्य प्रारंभ हो चुका है. इन कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करने का प्रयास है. उन्होंने कहा कि हमें अपने सब स्टेशन, ट्रांसफार्मर एवं पॉल के लिए जगह का चयन करने में काफी समस्या आती है, इसमें भी ग्वालियरवासियों को सहयोग करना चाहिए. इन कार्यों के पूर्ण होते हैं जिन औद्योगिक क्षेत्रों में ट्रिपिंग की समस्या है, वह खत्म होगी तानसेन नगर एवं महाराजपुरा औद्योगिक क्षेत्र के लगभग 50 डीटीआर पर ए.व्ही. स्विच लगाने का आगामी माहों में पूर्ण कर लिया जायेगा जिससे इन औद्योगिक क्षेत्रों की विद्युत संबंधी समस्या दूर हो जायेगी आपने सोलर वेण्डर्स की समस्या पर कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा आईटी अथोरिटी के रूप में प्रतिनिधि भोपाल में ही बैठता है, इसलिए समस्या का निराकरण वहीं से हो पाता है. सोलर वेण्डर्स एवं विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को इससे जागरूक करने के लिए कार्यक्रम ऑनलाइन किये गये हैं, इन्हें ऑफलाइन कराने का भी प्रयास होगा. आपने कहा कि अब जो नये स्मार्ट मीटर वितरण कंपनी द्वारा लगाये जा रहे हैं, उन मीटर्स वाले उपभोक्ता जब सोलर पैनल अपने यहां स्थापित करेंगे तो उन्हें नेट मीटर लेने की आवश्यकता नहीं होगी. स्मार्ट मीटर नेट मीटर के रूप में भी कार्य करेंगे.



कार्यक्रम के प्रारंभ में चेम्बर अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया. कार्यक्रम का संचालन मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल द्वारा तथा आभार उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अगवाल द्वारा व्यक्त किया गया. बैठक में मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल सहित वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक अमित श्रीवास्तव, महाप्रबंधक सिटी सर्किल संदीप कालरा, महाप्रबंधक ओएण्डएम प्रेम पाराशर सहित एमएसएमई उपसमिति के सदस्य मौजूद रहे.


**मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित**
जहांगीराबाद, भोपाल

क्र./यां.शा./417/2025 भोपाल, दिनांक : 07.07.2025

**निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

विपणन संघ द्वारा उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग के ग्वालियर जिले में आलू, ट्यूबर बीज उत्पादन हेतु एरोपोनिक टिशु कल्चर लैब ग्वालियर के निर्माण स्थल ग्राम-वेहटा पंजाबीपुरा वृत्त बड़ागांव, तहसील-मुरार, जिला-ग्वालियर की बाउंड्रीवाल के शेष निर्माण कार्य हेतु केन्द्रीयकृत पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से E-Tender प्रणाली के अन्तर्गत **www.mptenders.gov.in** पर केवल Online प्रतिशत दर के आधार पर निविदाएं **दिनांक 28.07.2025 को शाम 05:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं कार्य के संबंध में अन्य जानकारी एवं अनिवार्य शर्तें निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं विपणन संघ की वेबसाइट **www.mpmarkfed.mp.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

| क्र. | Tender Ref. No. | कार्य का नाम | निविदा राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 2111 | उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग के ग्वालियर जिले में आलू, ट्यूबर बीज उत्पादन हेतु एरोपोनिक टिशु कल्चर लैब ग्वालियर के निर्माण स्थल ग्राम-वेहटा पंजाबीपुरा वृत्त बड़ागांव, तहसील-मुरार, जिला-ग्वालियर की बाउंड्रीवाल के शेष निर्माण कार्य (लम्बाई 1269.00मीटर) | 1,11,48,080.00 |

**नोट :**
01. आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना अथवा संशोधन संबंधी जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल एवं वेबसाइट पर प्रदर्शित की जावेगी।
02. फण्ड प्राप्त होने की दशा में निविदा स्वीकृत की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/120986/2025 **मुख्य अभियन्ता (सि.)**


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95